ट्रेडिंग स्कीम के जरिए धोखाधड़ी के बारे में 'सेबी' की एडवाइजरी जारी

■ सेबी ने एडवाइजरी में निवेशकों से ऑनलाइन ट्रेडिंग कोर्स, सेमिनार व शेयर बाजार में मेंटरशिप प्रोग्राम के जरिए लुभाने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से सावधानी बरतने की सलाह दी है।

जयपुर (कासं)। ट्रेडिंग योजनाओ के जरिये आमजन से धोखाधडी के संबंध में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी के द्वारा धोखाधड़ी व्यवहारों की पहचान व निवेशकों के लिए स्पष्टीकरण देकर निवेशकों से ऑनलाइन ट्रेडिंग कोर्स, सेमिनार और शेयर बाजार में मेंटरशिप प्रोग्राम के जरिए लुभाने वाले सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से सावधानी बरतने की सलाह दी गई है।

महानिदेशक पुलिस, साइबर क्राइम हेमंत प्रियदर्शी द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने और आमजन में साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से राज्य मे लगातार प्रयास किये जा रहे है। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) को धोखाधड़ी वाली ट्रेडिंग प्लेटफॉर्मो के संबंध में अनेक शिकायतें प्राप्त हो रही है, जो सेबी-पंजीकृत विदेशी पोर्टफोलियों निवेशको के साथ संबद्धता का झुठा दावा करते है या सुझाव देते है तथा विशेषाधिकारो के साथ एफपीआई या विदेशी संस्थागत निवेशको के उप-खातो या संस्थागत खातो के माध्यम से ट्रेडिंग के अवसर प्रदान करने का दावा करते हैं।

धोखाधड़ी व्यवहारों की पहचान करें

ऑनलाइन ट्रेडिंग कोर्स, सेमीनार और शेयर बाजार में मेंटरशिप प्रोग्राम के जरिये ठगों द्वारा पीड़ितों को लुभाया जा रहा है। इसके लिए वे व्हाटसएप या टेलिग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के साथ-साथ लाइव प्रसारण का भी इस्तेमाल कर रहे है। सेबी-पंजीकृत एफपीआई के कर्मचारी या सहयोगी बनकर वे लोगो को ऐसे एप्लीकेशन डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करते है, जो कथित तौर पर उन्हे शेयर खरीदने, आईपीओ में सदस्यता लेने के लिए अनुमति देते हैं व साइबर अपराध की योजनाओ को अंजाम देने के लिए झूठे नामो से पंजीकृत मोबाइल नंबरो का उपयोग करते है।

निवेशकों के लिए स्पष्टीकरण

डीजीपी प्रियदर्शी ने बताया कि जनता के लिए यह समझना महत्वपूर्ण हैं कि एफपीआई निवेश मार्ग भारतीयों निवासीयों के लिए उपलब्ध नहीं है, कुछ सीमित अपवादो के साथ जैसा कि सेबी (विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक) विनियम 2019 में उल्लेखित है। ट्रेडिंग में "संस्थागत खाते" का कोई प्रावधान नहीं है और इक्विटी बाजार तक सीधी पहुंच के लिए निवेशको के पास क्रमशः सेबी-पजीकृत ब्रोकर-ट्रेडिंग और डीपी के साथ ट्रेडिंग और डीमेट खाता होना आवश्यक है, सेबी ने भारतीय निवेशको द्वारा प्रतिभूति बाजार निवेश के संबंध में एफपीआई ने कोई छूट नहीं दी है।

सोशल मीडिया पर सावधानी बरतें

सेबी ने निवेशको से सावधानी बरतने और ऐसे किसी भी सोशल मीडिया संदेश, व्हाटसएप ग्रुप, टेलीग्राम चैनल या ऐप से दूर रहने का आग्रह किया है जो एफपीआई या सेबी के साथ पंजिकृत फाइल्स के माध्यम से शेयर बाजार तक पहुंच की सुविधा देने का दावा करते है। ऐसी धोखाधडी वाली योजनाएं सेबी द्वारा समर्थित नहीं हैं।

नाबालिग ने दिया बच्चे को जन्म, पुलिस जांच में जुटी

जयपुर । सोडाला थाना इलाके में एक नाबालिग लड़की द्वारा बच्चे को जन्म देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने बताया कि पश्चिम बंगाल की रहने वाली लड़की ने जनवरी-2024 में आरोपी कथित पति से लव मैरिज की थी। उसके बाद से दोनों सोडाला इलाके में किराए से रह रहे थे। कथित पति ने डिलीवरी के लिए उसे महिला चिकित्सालय सांगानेरी गेट में भर्ती करवाया गया। हॉस्पिटल में सिजेरियन डिलीवरी से उसने बच्चे को जन्म दिया। हॉस्पिटल स्टाफ की ओर से लड़की के आधार कार्ड की कॉपी मांगी गई। आधार कार्ड में लड़की की उम्र 13 साल अंकित मिली। नाबालिग लड़की द्वारा बच्चे को जन्म देने का पता चलने पर हॉस्पिटल स्टाफ ने पुलिस को सूचना दी। सोडाला थाना पुलिस ने हॉस्पिटल पहुंचकर मां बनी लड़की के पर्चा बयान लिए। पर्चा बयान में लड़की ने आधार कार्ड में उसकी उम्र 13 साल अंकित होना बताया, जबकि असल में उसकी उम्र 18 साल से अधिक होना बताया। पुलिस ने आधार कार्ड में नाबालिग होने के चलते कथित पति के खिलाफ मामला दर्ज किया। थानाधिकारी सुरेन्द्र सिंह का कहना है कि आधार कार्ड में लड़की की उम्र 13 साल अंकित है। लड़की के अन्य डॉक्यूमेंट की जांच पर उसकी उम्र 18 साल 6 महीने करीब है।

मुख्यमंत्री भजनलाल का पैतृक गांव अटारी में भव्य स्वागत

मुख्यमंत्री ने बड़े-बुजुर्गों से आशीर्वाद लेकर गांव में घर-घर जाकर की दीपावली की रामा-श्यामा

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मंगलवार को अपने पैतृक गांव अटारी पहुंचकर बड़े-बुजुर्गों के संवाद किया।

भरतपुर/जयपुर (कासं)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को अपने पैतृक गांव अटारी पहुंचे। उन्होंने लोक देवता घोड़े वाले बाबा तथा चामुंडा माता मंदिर में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर देश-प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। मुख्यमंत्री ने अटारी गांव में बड़े-बुजुर्गों से मिलकर आशीर्वाद लिया तथा हाल-चाल पूछ कर घर परिवार एवं खेती-बाड़ी की जानकारी ली। उन्होंने संपूर्ण गांव में पैदल परिक्रमा कर घर-घर जाकर लोगों से दीपावली की रामा-श्यामा की तथा बड़े बुजुर्गों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। मुख्यमंत्री गांव में अपने पैतृक घर पहुंचे जहां अपनी मां के चरण छूकर आशीर्वाद लिया तथा कुशलक्षेम जानी। मुख्यमंत्री शर्मा का अटारी गांव में घर-घर पर भव्य स्वागत हुआ। ग्रामीणों से उन्होंने आत्मीयता से मिलकर हाल-चाल जाने तथा खुशहाली की कामना की।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने हरमाड़ा की कच्ची बस्ती में मनाई दीपावली

स्थानीय महिला कारीगर से दीये खरीदे, यू.पी.आई. से पैमेंट किया

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र के हरमाडा में भूरा टीबा कच्ची बस्ती में स्थानीय निवासियों के साथ दीपावली मनाई। उन्होंने भगवान श्रीराम की पूजा अर्चना कर आरती की। उपमुख्यमंत्री ने स्थानीय निवासियों के साथ दीपक जलाएं और उन्हें गिफ्ट वितरित किए। उन्होंने बच्चों के साथ पटाखे और फुलझड़ियां चलायी। अपने बीच में उपमुख्यमंत्री को पाकर बस्ती के बच्चे, महिलाएँ और स्थानीय निवासी ख़ुशी से झूम उठे। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने बस्ती के घरों में जाकर लोगों को दीपावली की शुभकामनाएं दी और उनकी खुशियों में शामिल हुई।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मंगलवार को हरमाडा क्षेत्र की भूरा टीबा कच्ची बस्ती में स्थानीय निवासियों के साथ दीपावली मनाई।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बस्ती के किनारे सड़क पर बैठकर दीये बेचने वाली महिला कारीगर से मिटटी के दीये खरीदे और यूपीआई से पेमेंट किया। उन्होंने लोगों से अपील की है कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय कारीगरों का सामान खरीदे।

निर्माणाधीन भवन की आठवीं मंजिल से गिरने से युवक मरा

■ मृतक बिल्डिंग की 8वीं मंजिल पर लोहा बांधने का काम कर रहा था, अनियंत्रित होकर नीचे आ गिरा

जयपुर (कासं)। एयरपोर्ट थाना इलाके में एक निर्माणाधीन भवन की 8वीं मंजिल से गिरने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक बिल्डिंग की 8वीं मंजिल पर लोहा बांधने का काम कर रहा था। अनियंत्रित होने से ग्राउंड फ्लोर पर आकर गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के बेटे ने लापरवाही के चलते पिता की मौत का आरोप लगाकर मामला दर्ज करवाया है।

पुलिस ने बताया कि हादसे में कुच बिहार पश्चिम बंगाल निवासी उत्तम (47) की मौत हो गई। वह विवेक विहार श्याम नगर में किराए से परिवार सहित रहते थे। वह पिछले तीन साल से ठेकेदार सुभाष दास के पास छत का लोहा बांधने का काम कर रहे थे। पिछले काफी समय से वह एयरपोर्ट इलाके में प्रेम निकेतन के पास बन रही बिल्डिंग में लोहा बांधने का काम कर रहे थे। शनिवार दोपहर को निर्माणाधीन बिल्डिंग की 8वीं मंजिल पर छत का लोहा बांधने का काम कर रहे थे। दोपहर करीब 4 बजे लोहा बांधते समय अनियंत्रित होकर नीचे ग्राउंड फ्लोर पर आकर गिरने से गंभीर घायल हो गए। गंभीर हालत में साथी मजदूरों ने उत्तम को एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। डॉक्टर्स ने इलाज के दौरान उत्तम को मृत घोषित कर दिया। मेडिकल सूचना पर एयरपोर्ट थाना पुलिस एसएमएस हॉस्पिटल पहुंची। पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। मृतक के बेटे शुभूजीत दास ने ठेकेदार की लापरवाही के चलते पिता उत्तम की मौत का आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पेपरलीक के 47 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट

जयपुर। वरिष्ठ अध्यापक भर्ती पेपर लीक मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) ने 47 और आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट पेश की है। ईडी मामलों की विशेष अदालत में यह चार्जशीट उदयपुर के बेकरिया थाने में वर्ष 2022 में दर्ज मामले में पेश की गई है। इस मामले में एसओजी 18 आरोपियों के खिलाफ पूर्व में चार्जशीट पेश कर चुकी है। एसओजी एडीजी वीके सिंह ने बताया कि वरिष्ठ अध्यापक भर्ती पेपर लीक मामले में दो एफआईआर दर्ज की गई थी। एक सुखेर थाने में तथा दूसरी बेकरिया थाने में दर्ज की गई थी। सुखेर क्षेत्र में पुलिस ने लीक पेपर के साथ अभ्यर्थियों से भरी बस पकडी थी। सुखेर थाने में दर्ज मामले में गिरफ्तारी के बाद इन अभ्यर्थियों को कोर्ट ने जमानत दे दी थी। अब इनके खिलाफ जांच अधिकारी प्रकाशचंद्र शर्मा ने आरोप पत्र पेश किया गया है।

दो आवासीय भूखंड़ों पर बनीं अवैध दुकानें सीज

■ जे.डी.ए. प्रशासन की सांगानेर के कुशल नगर में कार्रवाई

■ भूखंड़ मालिकों ने कोई निर्माण स्वीकृति भी नहीं ली थी

जयपुर (कासं)। जयपुर विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने मंगलवार को सांगानेर स्थित कुशल नगर में आवासीय भूखंड 118 व 121 में अवैध तरीके से बनाई गई दुकानों को सीज किया। यह निर्माण जे.डी.ए. से बिना परमिशन और भू-उपयोग परिवर्तन करवाये बिना ही किया गया था। उप महानिरीक्षक कैलाश चन्द्र विश्नोई ने बताया कि जोन 8 स्थित कुशल नगर सांगानेर में आवासीय भूखण्ड संख्या 118 व 121 में भूखंड मालिकों ने जेडीए से बिना कोई अनुमति लिए रातोंरात टीनशेड की दुकानें बना ली थी। जैसे ही यह मामला जानकारी में आया तो धारा 32 के तहत भूखंड मालिकों को नोटिस जारी कर अवैध निर्माण हटाने के लिए कहा, लेकिन इसके बावजूद भी वह निर्माण करते रहे। इस पर जेडीए की प्रवर्तन और इंजीनियरिंग शाखा ने मंगलवार को दोनों भूखंडों पर बनी दुकानों के शटर के आगे ईंटों की दीवार बनाकर सीलिंग की कार्रवाई कर दी। दुकानों के शटर व प्रवेश द्वारों पर सील व चपड़ी भी लगाई गई।

आम सूचना दिनांक- 29.10.2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है मैं श्रीमति कुसुमलता बस्सी पत्नि अनिल बस्सी निवासी "आर्शीवाद" प्लाट नं. 9, जगदम्बा कॉलोनी, नया खेड़ा, विद्याधर नगर, जयपुर की हुं, जो कि हयरोई गढी गृह निर्माण सहकारी समिति की आवासीय योजना कानजी नगर,(एन.एच.डब्ल्यु 11), आगरा रोड, जयपुर में 30 फीट रोड पर स्थित प्लाट संख्या 19, साइज 40 फीट चौड़ाई एवं 85 फीट लम्बाई, कुल क्षेत्रफल 377.77 वर्ग गज की एकमात्र मालिक, स्वामिनी, अधिकारी एवं काबिज चली आ रही हुं। उक्त प्लाट को आज तक मैने किसी भी अन्य व्यक्ति के हित में रहन, विक्रय, बख्शीश, हस्तान्तरण आदि नहीं किया है। जिस किसी को भी उक्त सम्पत्ति के मालिकाना हक, हितधारी एवं कब्जे के संबंध में आपत्ति हो तो 7 दिवस में सम्पर्क करें अन्यथा आपत्ति शून्य, अप्रभावी व अमान्य समझी जावेगी।

कुसुमलता बस्सी पत्नि श्री अनिल बस्सी, मो. 9829133396

दोस्ती गांठकर युवती से दुष्कर्म

जयपुर । ब्रह्मपुरी इलाके में एक युवती को सोशल मीडिया पर युवक से दोस्ती करना भारी पड़ गया। शातिर बदमाश ने युवती को अपने प्रेम जाल में फसाया और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। शादी का दवाब बनाने पर आरोपी ने शादी का इनकार कर दिया। जिसके बाद युवती ने थाने पहुंच आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने बताया कि जयपुर निवासी 29 वर्षीय युवती का आरोप है कि सोशल मीडिया पर उसकी आरोपी से जान पहचान हुई थी। जिसके बाद दोनों में मोबाइल फोन पर बात होने लगी। आरोपी ने उसे प्रेम जाल में फंसाकर कनक घाटी मिलने के लिए बुलाया और शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

तीये की बैठक



अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारे पूजनीय

संत वैद्य श्री जनक राज सांख्यान जी महाराज

का स्वर्गवास 28.10.2024 को हो गया है। जिनकी तीये की बैठक दिनांक 30.10.2024 को दोपहर 2:00 से 3:00 बजे श्री स्वामी लक्ष्मीराम जी के बाग, जैन दादाबाड़ी के सामने, मोती डूंगरी रोड पर रखी गई है।

शोकाकुल - श्री दौलतराम स्वामी, श्री रामप्रकाश स्वामी, श्री स्वामी लक्ष्मीराम ट्रस्ट, रामप्रकाश भजन दास ट्रस्ट, श्री स्वामी लक्ष्मीराम ट्रस्ट प्रबंधक समिति एवं दादू समाज व समस्त भक्तगण।

8104248083, 8003810130

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

औद्योगिक भूमि के प्रत्यक्ष आवंटन के प्रस्ताव पर सैद्धांतिक सहमति

■ राइजिंग राजस्थान में एम.ओ.यू. करने वाले निवेशकों को रीको के औद्योगिक क्षेत्रों में भूमि मिलेगी

जयपुर । राज्य में निवेश आमंत्रित करने के लिए 'राइजिंग राजस्थान' समिट का आयोजन 9 से 11 दिसंबर तक होगा। इसके लिए अनेकों प्रमुख आर्थिक गतिविधि वाले शहरों में रोड शो और सेक्टोरल प्री समिट भी होंगे। विभिन्न रोड शोज़ के दौरान उद्यमियों व औद्योगिक ग्रुप्स द्वारा राज्य सरकार से औद्योगिक भूमि का आवंटन प्रत्यक्ष प्रणाली के माध्यम से किए जाने की मांग की जा रही है, ताकि विलंब के उद्योगों की स्थापना की जा सकें।

राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप रीको के चिन्हित औद्योगिक क्षेत्रों में (संतृप्त औद्योगिक क्षेत्रों को छोड़कर) रीको प्रबंधन द्वारा प्रत्यक्ष आवंटन पद्धति के प्रारूप पर अपनी सैद्धांतिक सहमति प्रदान की है। इस प्रस्तावित पद्धति के तहत मुख्यतः दो प्रकार की योजनाओं को लागू किया जायेगा, जिससे बड़े निवेशकों के साथ-साथ छोटे निवेशक भी लाभ उठा सकेंगे। इन योजनाओं में 'राइजिंग राजस्थान' समिट के दौरान जिन निवेशकों के द्वारा राज्य सरकार के साथ एम.ओ.यू. निष्पादित किए जाएंगे, उन्हें रीको के चिन्हित औद्योगिक क्षेत्रों में जमीनों का आवंटन प्रत्यक्ष पद्धति से किया जाना प्रस्तावित है। इस पद्धति के तहत एक निश्चित अवधि तक प्राप्त आवेदनों पर सक्षम समिति द्वारा मूल्यांकन करने के बाद आवंटन का निर्णय आरक्षित व प्रचलित दरों पर किया जायेगा। इस प्रस्तावित पद्धति के प्रमुख फीचर्स रीको की वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

आमेर सैटेलाइट अस्पताल को चिकित्सकीय उपकरण भेंट

जयपुर । भाजपा हरियाणा प्रभारी और भाजपा राजस्थान के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां के जन्मदिन के उपलक्ष्य में महाराजा कॉलेज बड्डीज़ के सहयोग से आमेर के राजकीय सैटेलाइट चिकित्सालय को ऑटोमैटिक हेमेटोलॉजी एनालाइज़र मशीन की सौगात दी गई। इस मशीन से चिकित्सीय व्यवस्थाएं सुदृढ़ होंगी, जिससे आमजन को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय सुविधाएं मिल सकेंगी। डॉ. सतीश पूनियां द्वारा महाराजा कॉलेज बड्डीज़ ग्रुप की ओर से यह उपकरण अस्पताल के इंचार्ज डॉ. आशीष सक्सेना को सौंपा गया।

डॉ. सतीश पूनियां के जन्मदिन के उपलक्ष्य में महाराजा कॉलेज बड्डीज़ के सहयोग से आमेर स्थित सैटेलाइट अस्पताल को ऑटोमैटिक हेमेटोलॉजी एनालाइज़र मशीन भेंट की गई।

कार्यक्रम में महाराजा कॉलेज बड्डीज़ के संयोजक पवन भगत, ललित सिंह सांचौरा (अध्यक्ष जयपुर व्यापार मंडल) यशपाल चिराना (यूनिवर्सिटी कर्मचारी संघ अध्यक्ष) सुनील भारद्वाज, राकेश फोगाट, जॉइंट डायरेक्टर (मेडिकल हैल्थ) डॉ. नरोत्तम शर्मा मौजूद थे। इस दौरान आमेर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता एवं आमजन मौजूद थे।

चाबी बनाने के बहाने जेवर और नकदी चुराई

जयपुर । मालवीय नगर थाना इलाके में अलमारी की चाबी बनाने वाले दो बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित को जब खुद के साथ लूट होने की जानकारी मिली तो वह पुलिस के पास पहुंचा। शिकायत दर्ज कराई पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि आसन दास पोपतानी (78) निवासी 1/264 मालवीय नगर ने मामला दर्ज करवाया कि उनकी अलमारी की चाबी खो गई थी। इस पर रास्ते में जा रहे दो चाबी बनाने वाले युवकों को उन्होंने घर बुलाया। अलमारी दिखाई जिस पर दोनों युवक अलमारी की चाबी बनाने लगे। कई समय तक वह उनके सामने ही रहे, लेकिन उस दौरान अलमारी नहीं खुली उस के बाद दोनों युवक यह कहते हुए चले गए कि हम दोनों थोड़ी देर में वापस आते हैं, फिर से प्रयास करेंगे और अलमारी को खोल देंगे। काफी समय तक दोनों युवक नहीं आई। आसन दान ने अलमारी को चैक किया तो अलमारी खुली हुई मिली। इस पर अलमारी का लॉकर चैक किया। उसमें से एक बैग गायब मिला। इसमें नगदी और जेवरात थे। जो दोनों बदमाशों ने लॉक ठीक करने के दौरान उसे गायब कर किया। पुलिस ने रिपोर्ट के आधार पर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं।

अपील की सुनवाई के लिए नियत दिन की प्रत्यर्थी को सूचना

(आदेश 41 के नियम 14)

न्यायालय राजस्व अपील प्राधिकारी सवाई माधोपुर कैम्प गंगापुर सिटी

अपील 223 आरटी एक्ट

1. अपील सं 64/2024 उनवानी मूर्ति मंदिर रघुनाथ जी जरिये पुजारी जगदीश नारायण मिश्र बनाम प्रेम देवी व अन्य 2. अपील सं. 63/2024 उनवानी राजेन्द्र मिश्र बनाम प्रेमदेवी व अन्य 3. अपील सं. 72/2024 मूर्तिमंदिर रघुनाथ जी विराजमान गंगापुर सिटी जरिये वाद मित्र अशोक बनाम प्रेमदेवी व अन्य 4. अपील सं. 80/2024 मूर्तिमंदिर रघुनाथ जी विराजमान गंगापुर सिटी जरिये कमिशनर देवस्थान विभाग उदयपुर बनाम प्रेमदेवी व अन्य में रेस्पोडेन्ट की तलबी हेतु सम्मन अखबार में सियाहा किये जाने है। 1. प्रेमदेवी पत्नि स्व. एदल प्रसाद 2. घनश्याम पुत्र स्व. एदल प्रसाद 3. सतीश पुत्र स्व. एदल प्रसाद ब्राह्मण निवासी चूलीगेट 4. तुलसी पुत्री लाजपत पत्नि शम्भूदयाल जाति ब्राह्मण निवासी चोटी बाजारा निवाई जिला टोंक 5. वन्दना पुत्री लाजपतराय पत्नि महेश जाति ब्राह्मण निवासी राजकीय महाविद्यालय के सामने, दौसा 6. इन्द्रा पुत्री लाजपतराय पत्नि नरेन्द्र कुमार जाति ब्राह्मण निवासी ड्राईवर लोको कॉलोनी, कोटा 7. रेखा पुत्री लाजपतराय जाति ब्राह्मण निवासी गंगापुर सिटी 8. राहुल पुत्र स्व. नरेन्द्र 9. रजत पुत्र स्व. नरेन्द्र निवासी झालरा कुंआ के पास गंगापुरसिटी 10. कावेरी पत्नि स्व. नरेन्द्र जाति ब्राह्मण निवासी झालरा कुंआ के पास, गंगापुर सिटी 11. राजेन्द्र मिश्र पुत्र स्व. रामस्वरूप मिश्र 12. चांद नारायण पुत्र सत्यनारायण 13. युक्ति प्रसाद पुत्र देवीदयाल जाति ब्राह्मण निवासी चूलीगेट गंगापुर सिटी 14. अशोक पुत्र रमेश जाति ब्राह्मण निवासी गंगापुर सिटी 15 राजस्थान राज्य जरिये जिला कलेक्टर सवाई माधोपुर हालजिला कलेक्टर गंगापुर सिटी 16. लैण्ड होल्डर तहसीलदार गंगापुर सिटी 17. मंदिर श्रीरघुनाथ जी महाराज विराजमान गंगापुर सिटी जरिये कमिशनर देव स्थान विभाग, उदयपुर आपको सूचना दी जाति है कि इस मामले में न्यायालय उपजिला कलेक्टर गंगापुर सिटी की डिक्री की अपील अपीलान्ट द्वारा उपस्थित की गई हैं और इस न्यायालय में रजिस्टर कर ली गई है और इस अपील की सुनवाई के लिए इस न्यायालय द्वारा तारीख 05 नवम्बर 2024 नियत की गई है। यदि इस अपील में आपकी ओर से स्वयं या आपके प्लीडर या आपके लिए कार्य करने के लिए विधिना प्राधिकृत कोई व्यक्ति उपसंजात नहीं होगा तो यह आपकी अनुपस्थिति में सुनी और विनिश्चत की जावेगी। यह आज तारीख 28 अक्टूबर 2024 का मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है। -आज्ञा से

राजस्व अपील अधिकारी सवाई माधोपुर

धनतेरस पर बाजार में बरसा धन

राजधानी जयपुर में पांच दिवसीय दीपोत्सव की शुरुआत मंगलवार को धनतेरस के साथ हुई। दिनभर बाजार में सोने-चांदी के आभूषण और बर्तनों की खरीद के लिए लोगों की जमकर भीड़ उलटी। लोगों ने धनतेरस पर आभूषण, माता लक्ष्मी और भगवान गणेशजी की प्रतिमाएं व अन्य पूजन सामग्री खरीदी। वहीं दूसरी ओर दीपोत्सव के आगाज के साथ ही जयपुर शहर रंग-बिरंगी रोशनी में नहाया हुआ दिखा। शहर के तमाम बाजारों कें साथ-साथ प्रमुख रास्तों व बिल्डिंगों को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। फोटो-दिनेश भारद्वाज

डी.जी.पी. ने पुलिस अफसरों को दिलाई एकता की शपथ

पुलिस मुख्यालय में मंगलवार को राष्ट्रीय एकता दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित हुआ।

जयपुर (कासं)। पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) उत्कल रंजन साहू ने मंगलवार को पुलिस मुख्यालय में लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती (राष्ट्रीय एकता दिवस) के उपलक्ष्य में पुलिस अधिकारियों और पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा में स्वयं को समर्पित करने की शपथ दिलाई।

डीजीपी साहू ने पुलिस मुख्यालय के एडीजी, आईजी, डीआईजी और एसपी स्तर के ऑफिसर्स सहित अन्य अधिकारियों और कार्मिकों को शपथ दिलाते हुए देश वासियों के बीच भी राष्ट्रीय एकता के संदेश के प्रसार का आव्हान किया। समस्त अधिकारियों और कार्मिकों ने देश में एकता की भावना की शपथ ली, जिसे सरदार वल्लभ भाई पटेल की दूरदर्शिता और कार्यों से सम्भव बनाया जा सका। इस अवसर पर सभी ने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने में योगदान करने का संकल्प व्यक्त किया।

युवक के खाते से डेढ़ लाख रु.निकाले

जयपुर । भट्टाबस्ती थाना इलाके में एटीएम कार्ड बदलकर बदमाशों ने एक युवक के खाते से डेढ़ लाख रुपए निकाल लिए। ठगी का पता पीडिता को मोबाइल पर मैसेज आने पर लगा।पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार तुलसी नगर निवासी सत्यनारायण मेहता ने मामला दर्ज करवाया कि वह रामनगर शॉपिंग सेंटर गया था वहां पर एटीएम मशीन से रुपए निकालने के दौरान बदमाश आए और उसे बातों में लगा लिया। रुपए निकालने के दौरान मशीन में एरर आ गया। इस पर बदमाशों ने मदद के बहाने उसका एटीएम कार्ड बदल लिया और 1 लाख 50 हजार रुपए निकाल लिए।